खण्ड-7

संख्या-23

156
7/9/12

सत्यमेव जयते

# नवम् बिहार विधान-सभा

## विधान-सभा (वादवृत्त)

(सप्तम् सत्र)

**भाग-02 (कार्यवाही प्रश्नोत्तर रहित)**

सोमवार, तिथि-27 जुलाई, 1987 ई०

टूट गया है । अतः सरकार जनहित में पवना-कोरी-संदेश पथ का जीर्णोद्धार करते हुए कोसिडिहरा क्रुम्हरी नदी पर भी पुल का निर्माण करावें ।

**(छ) बांध की मरम्मति**

**श्री बृषिण पटेल :** अध्यक्ष महोदय, वैशाली जिले के वैशाली में सेमराघाट, चकलहलाद एवं चकपिताम्बर तक बांध की हालत बहुत ही दयनीय है । किसी भी क्षण यह बांध टूट सकता है । बार-बार सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने के बावजूद इस बांध को बनवाने की ओर सरकार निष्क्रिय है । अतः इसे अविलम्ब बनाया जाय ।

**(ज) जमादार का स्थानान्तरण**

**श्री जनार्दन यादव :** खेसर थाना (भागलपुर) का जमादार महेश्वर सिंह बाजार के दुकानदारों से रंगदारी टैक्स वसूलता है । विरोध करने वाले को परेशान करते हैं । सात मुकदमा का अभियुक्त मन्नू सिंह जिसके विरुद्ध गैर-जमानतमी वारंट है, को अपने मोटर साईकिल पर लेकर घूमते हैं । जमादार का स्थानान्तरोपरान्त सख्मत कार्रवाई की जाय ।

**(झ) राहत की व्यवस्था एवं तटबंधों की मरम्मती**

**श्री नीतीश कुमार :** नालन्दा जिलान्तर्गत रहुई प्रखंड के हुसैनपुर, पेशोर, उत्तरनामा, सोनसा, पुनहा, बरान्दी, हवनपुरा, पंचायतों के 20 गाँव गोइठना, जीरायन तथा सोइवा नदियों के बाढ़ से जलप्लावित हो गये हैं । तीस हजार की आबादी प्रभावित है । आवागमन अवरुद्ध है । सरकार अविलम्ब राहत कार्य चलावे तथा पानी हटते ही जमीन्दारी तटबन्ध की मरम्मत कराये ।

**(ञ) राहत एवं नाव की व्यवस्था**

**श्री रघुनाथ झा :** अध्यक्ष महोदय, बागमती नदी में भयंकर बाढ़ आ जाने के कारण सीतामढ़ी जिले के सैकड़ों गाँव पानी में डूब